पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 सितंबर, 2024



**आशा किरण होम मामला**

# मेडिकल ऑफिसर को हटाने का निर्देश

## स्वास्थ्य सचिव एक सप्ताह के भीतर रिक्त पदों पर डॉक्टरों को तैनात करें: एलजी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने रोहिणी स्थित आशा किरण होम के कामकाज में गंभीर विसंगतियों, अनियमितताओं, विशेषकर चिकित्सीय लापरवाही पर सख्त कदम उठाया है। गत जुलाई में मानसिक रूप से कमजोर 14 दिव्यांगों की मौत के बाद एलजी को एक रिपोर्ट सौंपी गई थी।

अब रिपोर्ट के आधार पर उपराज्यपाल ने आशा किरण होम के प्रशासक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई और जांच में बाधा डालने के लिए चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनीता सिंह राठौड़ को हटाने का आदेश दिया है। साथ स्वास्थ्य सचिव को एक सप्ताह के भीतर रिक्त पदों पर डॉक्टरों को तैनात करने को कहा है। उन्होंने कहा कि प्रशासक की लापरवाही से समाज के सबसे असहाय लोगों की ये दुर्भाग्यपूर्ण मौतें हुई हैं।

आशा किरण होम्स पर प्रस्तुत रिपोर्ट में क्षमता से अधिक मानसिक रोगियों को रखना, डॉक्टरों की अनुपस्थिति, संक्रामक रोग, खराब वेंटिलेशन और सफाई की सुविधा, मेडिकल रिकॉर्ड की अनुपस्थिति,



पीने के पानी की कमी आदि की बात कही गई है। उपराज्यपाल विजय कुमार सक्सेना ने आशा किरण होम्स के कामकाज में गंभीर विसंगतियों, अनियमितताओं, खास तौर पर चिकित्सकीय लापरवाही पर सख्त रुख अपनाया है।

उपराज्यपाल को सौंपी गई रिपोर्ट में उन अमानवीय परिस्थितियों का जिक्र किया गया है, जिसके कारण समाज के सबसे असहाय लोगों को इस तरह से दुर्भाग्यपूर्ण मौत हुई। एलजी ने शेल्टर होम के प्रशासक के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई करने का निर्देश दिया है और वहां पर तुरंत डॉक्टरों की तैनाती करने को कहा है। उपराज्यपाल ने आशा किरण होम्स में रह रहे विशेष बच्चों की सुविधाओं को नए सिरे से तैयार करने पर श्वेत पत्र की मांग की थी। समाज कल्याण विभाग के मुखिया विहीन होने के कारण, उन्होंने दिल्ली के मुख्य सचिव को इसकी प्रगति की समीक्षा करने का निर्देश दिया है।

उन्होंने शेल्टर होम में बुनियादी ढांचे को युद्ध स्तर पर बेहतर करने का भी निर्देश दिया है और समाज कल्याण विभाग के तहत, तीन सुविधाओं के लिए प्रशासक के रूप में नामित उपायुक्तों को हर पखवाड़े इन सुविधाओं का दौरा कर और अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल ने 19 जुलाई 2024 की जांच रिपोर्ट में शामिल उस तथ्य पर कड़ा रुख अपनाया है, जिसमें चीफ मेडिकल ऑफिसर ने कहा है कि सुपरिटेंडेंट और वेलफेयर ऑफिसर की निगरानी की कमी के कारण कुपोषण और अनदेखी की वजह से होम में टीबी के मामलों में वृद्धि हुई है।

इसके अलावा, रिपोर्ट में ऑफिसर तथा सुपरिटेंडेंट की निगरानी की कमी के साथ साथ आशा किरण होम्स की साफ-सफाई की खराब स्थिति और स्वच्छता की कमी को भी उजागर किया गया है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रशासक ने कई चेतावनियों के बावजूद इन पर कोई कार्रवाई नहीं की। उपराज्यपाल ने कहा, यह समझ से परे है कि संक्रामक बीमारी फैलने की स्थिति में, इसके प्रसार को रोकने के लिए लोगों को अलग क्यों नहीं रखा गया। यह भी सामने आया है कि क्षमता से अधिक मानसिक रोगियों को रखने की वजह से यहां इस तरह की अमानवीय परिस्थितियां बनी हैं।

स्वास्थ्य सचिव यह सुनिश्चित करें कि एक सप्ताह के भीतर अस्पताल में रिक्त पदों पर डॉक्टरों की नियुक्ति की जाए। प्रशासक को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा जाना चाहिए कि अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने में विफल रहने के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों न शुरू की जाए और सीएमओ द्वारा रिपोर्ट में विशिष्ट कमियों को इंगित न किए जाने के बावजूद सुधारात्मक कार्रवाई क्यों नहीं की गई।

बुनियादी ढांचे के उन्नयन, अतिरिक्त उपकरणों की खरीद पर कार्रवाई युद्ध स्तर पर आगे बढ़नी चाहिए। इस पर भी ध्यान दिया गया है कि सचिवालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद, मृतकों के माता-पिता, अभिभावकों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने के लिए की गई कार्रवाई की सूचना नहीं दी गई है।

मानसिक रोगियों के प्रवेश के समय डिजिटल रिकॉर्ड बनाए रखा जाना चाहिए, जिसमें उपचार, स्वास्थ्य मापदंडों, पोषण संबंधी पूरी जानकारी हो। समाज कल्याण विभाग को और स्वास्थ्य विभाग के परामर्श से उन विशेषज्ञों की आवश्यकता का पुनर्मूल्यांकन करना चाहिए, जिन्हें मानसिक रूप से विकलांग रोगियों की विशेष जरूरतों को समझने और उनकी भर्ती के लिए आवश्यक उपाय करने के लिए प्रशिक्षित किया गया हो।

# तीनों आईएसबीटी में नई स्टैंड फीस लागू, सिर्फ फास्ट टैग से भुगतान

- बस अड्डे के बाहर बने पोर्ट कैबिन और बैरियर का नवीनीकरण, ऑपरेटरों के कमरों और स्टोररूम में लगा एसी



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी के सभी अंतरराज्यीय बस अड्डे (आईएसबीटी) पर आज (14 और 15 सितंबर, 2024 की मध्यरात्रि) से राज्य सरकार के अंतरराज्यीय बस संचालन, एआईटीपी और अन्य निजी बसों (वैध परमिट के साथ) के लिए समान रूप से नई स्टैंड फीस लागू हो गई है। यह संशोधित फीस सिर्फ फास्टैग से एकत्रित की जाएगी। किसी भी बस को फास्टैग के बिना टर्मिनल परिसर में प्रवेश करने और संचालन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। नई फीस कश्मीरी गेट, आनंद विहार और सराय काले खां स्थित आईएसबीटी से चलने वाली सभी बसों पर लागू होगी।

उपराज्यपाल कार्यालय के एक अधिकारी ने बताया कि फास्टैग आधारित प्रणाली के क्रियान्वयन के लिए लॉजिस्टिक्स को उन्नत किया गया है और पोर्ट कैबिन और बैरियर का भी नवीनीकरण किया गया है। ऑपरेटरों के काम करने वाले कमरों और स्टोररूम को वातानुकूलित किया गया है तथा जिन वाहनों में फास्टैग नहीं है, उन्हें भी फास्टैग उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने बताया कि उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने 31 अगस्त को कश्मीरी गेट स्थित महाराणा प्रताप आईएसबीटी दौरा कर इस संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। उनकी अध्यक्षता में एक उच्च स्तरीय बैठक में जिसमें परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत भी मौजूद थे, यह निर्णय लिया गया कि परिवहन विभाग, प्रतिष्ठित बस टर्मिनलों का उपयोग करने वाली अंतरराज्यीय बसों के लिए नई दरें और मानदंड अधिसूचित करेगा। उपराज्यपाल ने 9 सितंबर को को सराय काले खां और आनंद विहार स्थित आईएसबीटी दौरा किया था।

इस अवसर पर उपराज्यपाल ने सरकारी और निजी बसों के लिए, समान पार्किंग दरों और अधिक टर्नअराउंड के लिए पार्किंग समय को समान रूप से कम करने का भी सुझाव दिया था। उन्होंने यह भी कहा था कि केवल फास्टैग स्टिकर वाली बसों को ही आईएसबीटी में प्रवेश करने की अनुमति दी जाए, ताकि मानवीय हस्तक्षेप के बिना पूरी ट्रैकिंग सुनिश्चित की जा सके।

ये नए मानदंड न केवल कामकाज और संचालन में दक्षता सुनिश्चित करेंगे, बल्कि सुविधा को प्रतिदिन 1700 बसों के बजाय 3000 बसों की अपनी अधिकतम क्षमता पर काम करने में सक्षम बनाएंगे।

# केजरीवाल ने पत्नी और पार्टी नेताओं के साथ हनुमान मंदिर में किया दर्शन

- सभी की खुशहाली तथा समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तिहाड़ जेल से रिहा होने के एक दिन बाद शनिवार को भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया और कहा कि अन्याय के खिलाफ संघर्ष में भगवान का आशीर्वाद सदा उनके ऊपर रहा। केजरीवाल पत्नी सुनीता केजरीवाल के साथ कनॉट प्लेस स्थित हनुमान मंदिर पहुंचे और भगवान से सभी की खुशहाली तथा समृद्धि के लिए आशीर्वाद मांगा।

मंदिर के महंत ने तिलक लगाकर उनका स्वागत किया और दिल्ली के मुख्यमंत्री को बजरंग बली की गदा और एक ध्वज भेंट किया। पार्टी के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया, राज्यसभा सदस्य संजय सिंह और दिल्ली के मंत्री सौरभ भारद्वाज भी उनके साथ रहे। केजरीवाल ने अपनी पत्नी के साथ पूजा-अर्चना की और शिवलिंग पर जल चढ़ाया। उन्होंने



जेल से रिहा होने के एक दिन बाद सीएम ने भगवान हनुमान का आशीर्वाद लिया।

सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने इस दौरे का एक वीडियो भी साझा किया। पोस्ट में उन्होंने कहा, आज अपनी धर्मपत्नी सुनीता केजरीवाल और अन्य साथियों के साथ कनॉट प्लेस स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर पहुंचकर हनुमान जी का पूजन-अर्चन कर उनका आशीर्वाद लिया।

अन्याय के खिलाफ इस संघर्ष में हनुमान जी का आशीर्वाद सदा हमारे ऊपर रहा। उन्होंने कहा, प्रभु से सभी की सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। देश को बचाने की इस लड़ाई में प्रभु हम सबका ये साहस बनाए रखें। आम आदमी पार्टी (आप) ने एक्स पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और उनकी पत्नी और पार्टी के अन्य नेताओं द्वारा हनुमान मंदिर में की गई पूजा-अर्चना का एक वीडियो और फोटो साझा किए। आप ने पोस्ट कर कहा, फर्जी केस और तानाशाही से लड़कर जेल से बाहर आए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कनॉट प्लेस के प्राचीन हनुमान मंदिर में अंजनी पुत्र हनुमान जी और भगवान भोलेनाथ जी के दर्शन और पूजा-अर्चना कर देश के सभी लोगों की सुख-शांति के लिए प्रार्थना की। पोस्ट में कहा, भगवान हनुमान के आशीर्वाद से ही अरविंद केजरीवाल ने जेल में रहते हुए भी तानाशाह के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ी।

## संजय सिंह का दावा केजरीवाल पहले की तरह करेंगे काम

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जमानत पर तिहाड़ जेल से बाहर आने के एक दिन बाद शनिवार को कहा कि वह पहले की तरह काम करते रहेंगे और दिल्ली के लोगों का कोई काम प्रभावित नहीं होगा। उच्चतम न्यायालय ने कथित आबकारी नीति घोटाले के सिलसिले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले में आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को शुक्रवार को जमानत दे दी थी।

हालांकि, इसने कुछ शर्तें तय करते हुए कहा था कि केजरीवाल अपने कार्यालय या दिल्ली सचिवालय नहीं जा सकते या किसी आधिकारिक फाइल पर तब तक हस्ताक्षर नहीं कर सकते, जब तक कि उपराज्यपाल की मंजूरी लेने के लिए ऐसा करना बहुत जरूरी न हो।

आप नेता एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधा और कहा कि केजरीवाल को फर्जी मामले में जेल भेजने के लिए भाजपा नेता को इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा झूठ फैला रही है कि केजरीवाल फाइल पर हस्ताक्षर नहीं कर सकते या मुख्यमंत्री के तौर पर काम नहीं कर सकते।

# सीएम की जमानत पर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली पुलिस ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के जेल से रिहा होने पर उनके स्वागत में उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस स्थित उनके आवास के बाहर आतिशबाजी करने को लेकर प्राथमिकी दर्ज की है।

दिल्ली सरकार ने सोमवार को सर्दियों के मौसम में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए राजधानी में पटाखों के उत्पादन, बिक्री और इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। मुख्यमंत्री के सरकारी आवास के बाहर आतिशबाजी करने के मामले में सिविल लाइंस पुलिस थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 (लोक सेवक द्वारा जारी आदेशों की अवज्ञा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। शुक्रवार शाम तिहाड़ जेल से रिहा होने के बाद मुख्यमंत्री आवास के बाहर पटाखे फोड़े गए थे। आप कार्यकर्ता अपने नेता का स्वागत करने के लिए एकत्र हुए थे। यह प्राथमिकी एक उपनिरीक्षक की शिकायत पर दर्ज की गई है, जो शुक्रवार शाम को 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर तैनात थे। उन्होंने अपनी शिकायत में कहा है, मैं शाम छह बजकर 45 मिनट पर कानून-व्यवस्था की स्थिति संभालने के लिए 6, फ्लैग स्टाफ रोड पर तैनात था। वहां बहुत सारे लोग इकट्ठे हुए थे और मैंने पटाखों की आवाज सुनी, जिससे प्रदूषण फैल रहा था। जब वह देखने गए तो पटाखे फोड़ रहे लोग भाग गए।

# बीएमडब्ल्यू ने मारी टक्कर, 4 घायल

**नई दिल्ली।** मध्य दिल्ली में बीएमडब्ल्यू सहित दो कारों की आमने-सामने की टक्कर में चार लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात करीब एक बजकर 27 मिनट पर चाणक्यपुरी में साइमन बोलिवर मार्ग के पास हुई।

नीले रंग की बीएमडब्ल्यू कार और एक सफेद क्रेटा कार के बीच टक्कर होने की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस थाने के कर्मी दुर्घटनास्थल पहुंचे। क्रेटा कार का चालक अंकित और कार मालिक चांद कुब्बा धौला कुआं से होते हुए करोल बाग आ रहे थे। कुब्बा गुरुग्राम निवासी है। पुलिस ने बताया कि बीएमडब्ल्यू सवार लोगों की पहचान वासु गर्ग और उत्तर पश्चिम दिल्ली के सिरसपुर निवासी राम नरेश के रूप में हुई है। कार सवार चार लोगों को मामूली चोटें आईं और उन्हें राम मनोहर लोहिया अस्पताल ले जाया गया और इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।

अपराध जांच दल ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और पीड़ितों के बयान दर्ज किए गए। उन्होंने बताया कि अंकित के बयान के आधार पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (सार्वजनिक मार्ग पर लापरवाही से वाहन चलाना) और 125 ए (दूसरों की जान या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालना) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

# सीएम आवास में पेड़ों की कटाई के लिए केजरीवाल दोषी : विजेंद्र गुप्ता

- नेता प्रतिपक्ष ने मामले में उपराज्यपाल से हस्तक्षेप करने की मांग की



पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सिविल लाइंस स्थित आधिकारिक आवास के विस्तार और नवीनीकरण के लिए 28 पेड़ों काटने और उसके एवज में 19,700 पेड़ों नहीं लगाने पर सीएम और सरकार को पर निशाना साधते हुए उपराज्यपाल से मामले में दखल देने की मांग की है।

विजेंद्र गुप्ता ने दिल्ली फारेस्ट डिपार्टमेंट द्वारा एनजीटी को सौंपी गई एक रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के आवास के सौंदर्यीकरण के लिए 2020 से 2022 के दौरान काटे गए 28 पेड़ों के बदले नियमानुसार पीडब्ल्यूडी द्वारा काटे गए पेड़ों से दस गुना यानी 280 पेड़ लगाने थे और अगले सात साल तक इनकी देखभाल भी करनी थी। लेकिन विभाग इसमें विफल रहा और इसने केवल 83 पौधे ही लगाए। अब दिल्ली फॉरेस्ट विभाग ने जब जांच की तो पता चला कि बाकी बचे 197 पेड़ लगाए ही नहीं गए। अब वन विभाग ने 'दिल्ली वृक्ष अधिरक्षण अधिनियम 1994' की धारा 31 का प्रयोग करते हुए लोक निर्माण विभाग को दंडित कर अवशिष्ट 197 पौधों के बदले में इसका सौ गुना यानी 19,700 पौधे लगाने के लिये कहा है। इसी संबंध में यह रिपोर्ट नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) को दी गई है। गुप्ता ने बताया कि इस मामले में दिल्ली के उपराज्यपाल से उचित कार्रवाई की माँग है। दिल्ली विधानसभा के आगामी सत्र में भी यह मुद्दा उठाया जाएगा और सरकार से इसका जवाब मांगा जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव को ज्ञापन सौंपता प्रतिनिधिमंडल


### केंद्रीय आयुष मंत्री से मिले यूनानी डॉक्टर

नई दिल्ली। ऑल इंडिया यूनानी तिब्बी कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. सैयद अहमद खान के नेतृत्व में केंद्रीय आयुष मंत्री प्रताप राव जाधव से मिला। प्रतिनिधिमंडल में महाराष्ट्र से डॉ. अनस अंसारी और दिल्ली से डॉ. शकील अहमद मेरठी, हकीम आफताब आलम, डॉ. मिर्जा आसिफ बेग और मोहम्मद इमरान कन्नोजी शामिल थे। प्रतिनिधिमंडल ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी को पिछले महीने लिखे पत्र की एक कॉपी सौंपी और आयुर्वेद और यूनानी तिब्बिया कॉलेज, करोल बाग के महत्व पर प्रकाश डाला गया और यह भी मांग की गई है कि तिब्बिया कॉलेज को नेशनल यूनानी यूनिवर्सिटी के रूप में अपग्रेड किया जाए। इस अवसर पर उनकी पार्टी की ओर से महाराष्ट्र में पहला गवर्नमेंट यूनानी मेडिकल कॉलेज खोलने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया गया।

### ईएसआई मेडिकल कैंप में सैकड़ों की जांच

**नई दिल्ली।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआई), श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के संयोजन में उप क्षेत्रीय कार्यालय ओखला और कर्मचारी राज्य बीमा अस्पताल ओखला के संयुक्त प्रयास से अहूला रेडियोज कंपनी तथा माइनस 30 प्लस कंपनी में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सैकड़ों बीमांकित लोगों ने स्वास्थ्य की जांच कराई। इसमें डॉ. अफजल अंसारी, डॉ. कुलदीप तथा अन्य तकनीकी स्टाफ जितेन्द्र सिंह, राजकुमार, श्याम लाल मीना एवं श्रवण कुमार शामिल थे। माइनस 30 प्लस कंपनी की एच आर कनिका शर्मा, संजय वरूण, दिलीप झा एवं इन्जुमाम अहमद का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर अहूजा रेडियोज के महाप्रबंधक के सी अबरोल, उप निदेशक प्रभारी चन्द्रभानू मौजूद थे।

### कोच प्रवेश ने डीपीएल में फिटनेस पर किया काम



कोच प्रवेश रोहल्ला

**नई दिल्ली।** राजधानी में डीपीएल टी20 क्रिकेट लीग में कोच प्रवेश रोहिल्ला ने स्ट्रेंथ एंड कंडीशनिंग कोच के रूप में खिलाड़ियों की फिटनेस पर खास काम किया। डीपीएल में किए काम को प्रवेश रोहल्ला ने करियर का यादगार अनुभव बताते हुए कहा कि लीग के दौरन सभी खिलाड़ियों ने मुझे पूरा समर्थन दिया। मेरा फोकस हमेशा इस बात पर है कि सभी खिलाड़ियों की बॉडी कंडीशनिंग और उनके प्रदर्शन को बढ़ावा मिले। मैंने उनकी फिटनेस, सहनशक्ति और चपलता पर खास ध्यान दिया। टीम वर्क की वजह से ही हम चैंपियन बने।

### 'आप' नेताओं ने सीताराम येचुरी को दी अंतिम विदाई

**नई दिल्ली।** आप नेताओं ने शनिवार को सीपीआई(एम) के महासचिव रहे सीताराम येचुरी के पार्थिव शरीर के दर्शन कर अंतिम विदाई दी। इस क्रम में मनीष सिसोदिया, गोपाल राय और सांसद संजय सिंह समेत पार्टी के कई अन्य नेताओं ने अंतिम दर्शन कर श्रद्धांजलि दी। सीताराम येचुरी का पार्थिव शरीर राजधानी के सीपीआई (एम) कार्यालय में रखा गया था। मनीष सिसोदिया ने कहा वह देश के बड़े नेताओं में से एक थे और उन्हें देश के मुद्दों की गहरी समझ थी। उनके जाने से जो स्थान रिक्त हुआ है उसकी भरपाई कोई नहीं कर सकता है।

## असम से दिल्ली के प्राणी उद्यान में लाए गए गैंडा, बाघ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के प्राणी उद्यान में, असम से एक गैंडा, एक बाघ और एक जोड़ी हॉर्नबिल पक्षी को लाया गया है। उन्होंने बताया कि इन वन्य जीवों को 21 दिनों तक प्राणी उद्यान के पृथक-वास में रखे जाने के बाद, लोग इन्हें देख सकेंगे।

असम राज्य प्राणी उद्यान-सह-वनस्पति उद्यान से इन जीवों को लाए जाने की पुष्टि करते हुए, यहां स्थित प्राणी उद्यान के निदेशक संजीत कुमार ने बताया, एक बाघ, एक गैंडा और एक जोड़ी हॉर्नबिल पक्षी को शनिवार सुबह यहां लाया गया। चिकित्सा जांच के बाद इन सभी को पृथक-वास में रखा गया है। सुल्तान नामक बाघ और धर्मेंद्र नामक गैंडे को लाने का काम नौ सदस्यीय दल को सौंपा गया था।

# करोड़ों के आभूषण लूट के मामले में एक धरा

- पहाड़गंज में हुई थी कर्मचारी के संग घटना

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

हरियाणा के एक आभूषण विक्रेता से मध्य दिल्ली में दो साल पहले की गई आठ करोड़ रुपये की लूट के मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

पुलिस उपायुक्त (अपराध) अमित गोयल ने बताया कि हरियाणा के अंबाला शहर निवासी सोमवीर की शिकायत के बाद 31 अगस्त 2022 को लूट का मामला दर्ज किया गया था। गोयल ने बताया कि जब सोमवीर और जय माता दी लॉजिस्टिक्स में काम करने वाले उनके सहयोगी



जगदीश सैनी दिल्ली में सोने और हीरे के आभूषण पहुंचाने जा रहे थे, तभी यह घटना हुई। पुलिस उपायुक्त ने बताया कि पहाड़गंज में देश बंधु गुप्ता रोड के पास चार लोगों ने उन पर हमला किया। लुटेरों में से एक ने पुलिस की वर्दी पहन रखी थी, उन्होंने उनकी आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया और आभूषण लूट लिए। स्थानीय पुलिस ने मामले में गिरफ्तार किए गए छह लोगों के पास से लूट का माल (6.27 किलोग्राम सोना, 106 हीरे और 2.9 किलोग्राम चांदी) बरामद किया। गोयल ने बताया कि मुख्य आरोपी अजीत सिंह फरार है।

गोयल ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर निरीक्षक पंकज मलिक और रोहित कुमार के नेतृत्व में पुलिस के एक दल ने शुक्रवार को पालम गांव के महावीर एन्क्लेव स्थित अजीत सिंह के ठिकाने का पता लगाया और उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि लूट की घटना से पहले सिंह नजफगढ़ में गोपाल नगर इलाके में रहता था, जहां उसने अपने पड़ोसियों तथा रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपराध की साजिश रची।

## हिंदी में रोजगार के अधिक अवसर: डॉ. सुमन



**नई दिल्ली।** अरबिंदो कॉलेज के हिन्दी विभाग में एसोसिएट प्रोफेसर व मीडिया विशेषज्ञ डॉ. हंसराज सुमन ने हिन्दी दिवस के अवसर पर अपने विद्यार्थियों से छात्र संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत हिन्दी में रोजगार के अवसरों पर बातचीत की । इस बातचीत में उन्होंने बीए, बीकॉम, विज्ञान व ऑनर्स के विद्यार्थियों से सीधे संवाद किया और उन्हें राष्ट्रीय शिक्षा नीति में हिन्दी विषय को दिए गए महत्व के विषय में बताया कि हिन्दी जानने वालों के लिए वर्तमान युग में सर्वाधिक रोजगार के अवसर हिन्दी में है। हिन्दी की मांग हर क्षेत्र में बढ़ रही है।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति में व्यवसायिक पाठ्यक्रमों को लगाया जाए ताकि रोजगार के ज्यादा अवसर पैदा होंगे और विद्यार्थियों का रुझान हिन्दी के प्रति बढ़ेगा। उन्होंने विद्यार्थियों को जानकारी देते हुए बताया कि हर साल भारत के विश्वविद्यालयों में हिन्दी पढ़ने वाले विदेशी छात्रों की संख्या लगातार बढ़ रही है । इस कार्यक्रम में राज बरनवाल, अभिजीत मौर्या, कंचन कुमारी, नूरसब्बा, अंशु शुक्ला, अंकित कुमार आदि ने भाग लिया ।

# सरकारी स्कूलों में बिजनेस ब्लास्टर्स का आगाज

- शिक्षा मंत्री आतिशी ने उद्यमशीलता वाले छात्रों से बात कर के जाना स्टार्ट-अप आइडिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली सरकार का बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम 2024-25 का आगाज शनिवार को सीआर पार्क स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सर्वोदय विद्यालय में किया गया। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने उद्यमशीलता (एंत्रप्रेन्योशिप) के छात्रों से उनके स्टार्ट-अप को लेकर बातचीत की।

इस मौके पर शिक्षा मंत्री आतिशी ने कहा कि, मुझे छात्रों में ये आत्मविश्वास देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने कहा, बिज़नेस ब्लास्टर्स प्रोग्राम ने बच्चों की क्रिएटिविटी को बाहर खोज निकालने का काम किया है। इस प्रोग्राम ने बच्चों को लीक से हटकर नए विचारों पर काम करने का मौक़ा दिया है। उन्होंने कहा कि, इस कार्यक्रम ज़रिए



हमारे छात्रों ने खुद के और अपने आसपास और पर्यावरण की हर छोटी-बड़ी समस्याओं को समझा और अपने स्टार्ट-अप के रूप में उसका समाधान तैयार किया है।

उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि, बिज़नेस ब्लास्टर्स ने छात्रों को ये कॉन्फिडेंस दिया है कि वो अपने दम पर बहुत कुछ कर सकते है। उन्होंने कहा कि, आज देश में बेरोज़गारी सबसे बड़ी समस्या है। शिक्षा मंत्री आतिशी से बिज़नेस ब्लास्टर्स के पिछले साल के अपने अनुभवों को साझा करते हुए स्टूडेंट्स ने कहा कि, बिज़नेस ब्लास्टर्स ने हमें मुश्किलों से लड़ना सिखाया है और अपने आइडियाज़ पर और खुद पर विश्वास करना सिखाया है।

# शॉपिंग स्टोर में बदूक के बल पर लूट, बदमाश फरार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ब्रह्मपुरी इलाके में एक मिनी मॉल में बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गए।

फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर सीसीटीवी की फुटेज और जानकारी जुटाकर आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहीं है। मोहसिन खान ब्रह्मपुरी की गली नंबर - 9 में अल्फा मिनी मॉल के नाम से शॉपिंग स्टोर चलाते है। गुरुवार की रात करीब 10 बजे दो बदमाश उनके स्टोर में आए और इस तरह का दिखावा कर रहे थे जैसे वीडियो ब्लॉगिंग करने आये है। अचानक उन्होंने बंदूक निकाल कर केश काउंटर से एक लाख रूपये लूट लिए और मॉल से भागने लगे, जब उनका पीछा किया गया था तो बदमाशों के हाथ से पैसे गिर गए थे लेकिन बदमाशों ने दोबारा बंदूक दिखाकर पैसे उठा लिए और फरार हो गए। पुलिस का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उसकी तलाश की जा रही है। गौरतलब है जिस समय बदमाशों ने लूट वारदात को अंजाम दिया उस समय शॉपिंग स्टोर में महिलाएं और बच्चे भी मौजूद थे और इस इलाके में रात के समय भी काफी भीड़भाड़ रहती है उसके बावजूद ऐसी घटना सुरक्षा व्यवस्था पर सवालिया निशान खड़ा करती है।

पायनियर
नई दिल्ली, रविवार, 15 सितंबर, 2024



# अंडरपास में भरे पानी में डूबकर दो लोगों की मौत

## ओल्ड फरीदाबाद में हुआ हादसा, गाड़ी फंसने पर जान बचाने के लिए बाहर निकले दोनों बैंक अधिकारी 10 फुट गहरे पानी में डूबे

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शुक्रवार रात मूसलाधार बारिश से ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास में हुए 10 फुट गहरे जलभराव में एक एक्ययूवी गाड़ी फंसने से दो बैंक अफसरों की डूबकर मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों को निकालकर अस्पताल में दाखिल कराया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के बाद उनके परिजनों के हवाले कर दिया हैं।

मृतक अधिकारियों की पहचान ओमेक्स हाईट्स सोसाइटी सेक्टर 86 निवासी पुण्यश्रेयम शर्मा (48) और इफको चौक गुड़गांव निवासी विराज द्विवेदी (25) के रूप में हुई है। पुण्यश्रेयम शर्मा गुड़गांव के सेक्टर 31 स्थित एचडीएफसी बैंक में मैनेजर जबकि विराज द्विवेदी कैशियर थे। पुलिस के मुताबिक पुण्यश्रेयम शर्मा मूल रूप से यूपी के सीतापुर जिले के घूरामऊ बंगला के पास जबकि विराज यूपी के अंबेडकर नगर गांव भीटी, दुबाने का पुरवा के रहने वाले थे।

जानकारी के अनुसार बैंक मैनेजर पुण्यश्रेयम शर्मा अपने परिवार के साथ यहां


पुण्यश्रेयम शर्मा विराज द्विवेद्वी ( फाइल फोटो)

सेक्टर 86 ओमेक्स हाईट्स सोसाइटी में पत्नी संध्या के साथ रहते थे। इनके दो बच्चे हैं। शुक्रवार रात करीब 11 बजे वह अपनी एक्ययूवी गाड़ी से कैशियर विराज द्विवेदी को साथ लेकर घर लौट रहे थे। दिनभर हुई बारिश के कारण ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास में करीब 10 फुट पानी भर गया था। गाड़ी को कैशियर विराज द्विवेदी चला रहे थे। उन्हें शनिवार को दिल्ली काम से जाना था। इसके चलते वह मैनेजर के घर पर रुकने के लिए आ रहे थे। विराज जैसे ही रेलवे अंडर ब्रिज के पास आए तो उसके नीचे काफी पानी भरा हुआ था। विराज गुड़गांव में रहते थे जिसके चलते उन्हें यह अनुभव नहीं हुआ कि अंडर




एनआईटी फरीदाबाद थाने में खड़ी एसयूवी व रेलवे अंडरपास को जाने वाले रास्ते पर तैनात पुलिस।

ब्रिज के नीचे इतना पानी है कि उनकी गाड़ी पानी में डूब जाएगी।

बताया जाता है कि विराज ने पानी से गाड़ी को निकालने की कोशिश की लेकिन गाड़ी पानी अधिक होने के चलते बीच में ही बंद हो गई। देखते ही देखते गाड़ी में पानी भर गया। दोनों जैसे ही गेट खोलकर गाड़ी से बाहर निकले तो 10 फुट गहरे पानी में डूब गए। जिसके चलते दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर एनआईटी पुलिस मौके पर पहुंची और मैनेजर को किसी तरह अचेत अवस्था में बाहर निकालकर एस्कार्ट्स अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। कैशियर विराज द्विवेदी के भाई विक्रम द्विवेदी ने बताया कि गहरे पानी में डूबने के कारण विराज का कुछ पता नहीं चल पा रहा था। पुलिस और दमकलकर्मी करीब चार घंटे तक जाल लेकर पानी में तलाश करते रहे। तब सुबह करीब तीन बजे विराज का शव बरामद हो पाया।

अंडरपास के जलभराव से डूबने से हुई दो मौतों के बाद जिला प्रशासन चेता। इस हादसे के बाद इस अंडरपास से आवाजाही रोकने के लिए बैरिकेड लगाकर पुलिस की तैनाती की गई है। अब सवाल है कि अगर प्रशासन पहले से चेता होता तो शायद इतना बड़ा हादसा नहीं होता।

ओल्ड फरीदाबाद रेलवे अंडरपास में जलभराव की यह पहला मामला नहीं है। बारिश होने के बाद रेलवे के अंडरपास में जलभराव होना आम बात है, जिसका प्रशासन की ओर से कोई स्थाई समाधान नहीं निकाला जाता।

# प्रत्याशी आपराधिक मामलों की जानकारी करें सार्वजनिक

- राजनीतिक पार्टियों को भी ऐसे उम्मीदवारों की जानकारी अपनी वेबसाइट व अखबारों में देनी होगी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

विधानसभा चुनाव के दौरान उम्मीदवारों को अपनी आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी समाचार-पत्रों व टी.वी. चैनलों पर सार्वजनिक करनी होगी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक पार्टियों को भी अपने उम्मीदवारों की आपराधिक पृष्ठभूमि की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ पार्टी की आधिकारिक वेबसाइट पर इसकी सूचना देनी अनिवार्य है।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने शनिवार को कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों व ऐसे उम्मीदवारों के संबधित राजनीतिक दलों को चुनाव अभियान अवधि के दौरान तीन बार टेलीविजन चैनलों और समाचार पत्रों के माध्यम से इसकी जानकारी प्रकाशित करनी होती है। उन्होंने कहा कि उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों को एक स्थानीय व एक राष्ट्रीय समाचार पत्र, फेसबुक और ट्विटर सहित राजनीतिक पार्टी के आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर इसकी जानकारी देनी होगी। राजनीतिक दलों को अपनी वेबसाइट पर लंबित आपराधिक मामलों वाले उम्मीदवारों की पूर्ण जानकारी अपलोड करनी होगी। साथ ही ऐसे उम्मीदवार के चयन के कारण भी बताने होगें।

ऐसे कारण संबंधित उम्मीदवार की योग्यता और उपलब्धियों के संदर्भ में दिए जाएं, ना कि उसके चुनाव जीतने की क्षमता के बारे में हों। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि यह विवरण उम्मीदवार के चयन के 48 घंटे के भीतर प्रकाशित किए जाएं।

# राजनीतिक दलों के पोस्टर व बैनर हटाए

- आदर्श आचार संहिता की पालना में नगर निगम ने युद्ध स्तर पर चलाया अभियान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा विधानसभा चुनाव के चलते गुरुग्राम में लागू आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला में टीमों द्वारा गंभीरता से कार्य किया जा रहा है। इसके तहत नगर निगम गुरुग्राम के अतिरिक्त आयुक्त डा. बलप्रीत सिंह को एमसीसी नोडल अधिकारी बनाया हुआ है।

शनिवार को निगम क्षेत्र में आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर एक बड़ा अभियान चलाया गया, जिसके तहत मुख्य सडक़ों, गलियों


आचार संहिता की पालना के लिए ऑटो से नेताओं के पोस्टर उतारते कर्मचारी।

सहित अन्य सार्वजनिक स्थानों से राजनीतिक दलों के हजारों पोस्टर, बैनर, होर्डिंग आदि को हटाने की कार्रवाई टीमों द्वारा की गई। अभियान के दौरान एक ओर जहां अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह पल-पल की जानकारी लेते रहे, वहीं दूसरी ओर संयुक्त आयुक्त प्रदीप कुमार, सुमन भांखड़ व अखिलेश यादव भी अपने-अपने जोन में कार्यरत टीमों के संपर्क में रहकर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश देते रहे। शहर के मुख्य क्षेत्रों की मुख्य सडक़ों, चौक-चौराहों, बिजली व स्ट्रीट लाईट के खंबों आदि पर लगे होर्डिंग, बैनर, स्टीकर आदि को हटाया गया।

बलप्रीत सिंह के अनुसार आचार संहिता की पालना सुनिश्चित करने के लिए क्षेत्रानुसार इंचार्ज अधिकारी लगाए हुए हैं।

## 68763 मामलों में 6.82 लाख रुपये से अधिक का हुआ सेटलमेंट

**गुरुग्राम।** जिले में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया जिसमें सिविल, बैंक रिकवरी, अपराधिक एवं वैवाहिक सहित अदालतों में लम्बित विभिन्न मामले रखे गए। जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के सचिव एवं सीजेएम रमेश चंद्र ने बताया कि राज्य विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कार्यकारी अध्यक्ष के निर्देशानुसार तथा जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के चेयरमैन सुभाष महला के मार्गदर्शन में जिला में शनिवार को लोक अदालत का आयोजन किया गया। सचिव ने बताया कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों को सरलता से निपटाने के लिए 24 बेंच जिला न्यायालय में तथा एक-एक बेंच पटौदी व सोहना स्थित उपमंडल स्तरीय न्यायालय में लगाई गयी थी।

# नशीले प्रतिबंधित कैप्सूल बेचने वाले दो गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

हरियाणा राज्य नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो गुरुग्राम की टीम ने महत्वपूर्ण सुराग जुटाते हुए भारी मात्रा में प्रतिबंधित नशीले कैप्सूल और अवैध इंजेक्शन बरामद किए हैं। साथ ही आरोपी के पार्टनर को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

हरियाणा स्टेट नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो उप पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार वशिष्ठ एवं हरियाणा एनसीबी यूनिट प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह के मुताबिक खुफिया ड्यूटी के संबंध में हरियाणा एनसीबी यूनिट की एक टीम सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन के पास मौजूद थी।

इस दौरान गुप्तचर ने टीम को सूचना दी कि सावेश आलम निवासी मुरादाबाद नशा बेचने का काम करता है। वह इस समय सामुदायिक केंद्र सिकंदरपुर घोसी के गेट के पास एक


नार्कोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की गिरफ्त में नशीले कैप्सूल व इंजेक्शन बेचने के आरोपी।

बैग लिए हुए खड़ा है। अगर तुरंत प्रभाव से रेड की जाए तो भारी मात्रा में नशीली प्रतिबंधित गोलियों सहित काबू किया जा सकता है। तुरंत हरियाणा एनसीबी यूनिट गुरुग्राम की टीम हरकत में आई। जैसे ही टीम बताए गए स्थान पर पहुंची तो एक युवक वहां खड़ा हुआ था।

शक के आधार पर मौके पर राजपत्रित अधिकारी को बुलाकर युवक की तलाशी ली गई तो युवक के हाथ में पकड़े गए बैग में नशीले प्रतिबंध कैप्सूल के 21 डिब्बे मिले। जिन प्रत्येक डब्बे में 144 कैप्सूल हैं, जो कुल 3024 कैप्सूल बरामद हुए। इसके साथ बैग में ही 4 पैकेट प्रतिबंधित इंजेक्शन के निकले, जिसमें तीन डब्बे में 10-10 इंजेक्शन और एक डिब्बे में पांच इंजेक्शन यानी कुल 35 इंजेक्शन भी बरामद हुए। युवक ने अपना नाम सावेश आलम बताया।

यूनिट प्रभारी निरीक्षक धर्मवीर सिंह ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में आरोपी ने कहा है कि वह यह काम अपने सह आरोपी अरमान पुत्र मेहरुल हुसैन के साथ मिलकर करता है। जिसकी जानकारी जुटा तुरंत प्रभाव से गुरुग्राम यूनिट की एक टीम ने सावेश आलम द्वारा बताए गए ठिकाने पर पहुंच सह आरोपी अरमान को भी काबू कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों की पहचान सावेश आलम पुत्र खलील निवासी लालूवाला जिला मुरादाबाद उत्तरप्रदेश और सह आरोपी अरमान पुत्र मेहरूल हुसेन निवासी जिला अमरोहा उत्तरप्रदेश के रूप में हुई है।

# समन्वय बनाकर चुनाव संपन्न कराएं अधिकारी: उपायुक्त

- राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में पीओ, एपीओ की प्रशिक्षण कार्यशाला संपन्न

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

चुनाव की ड्यूटी को गर्व की अनुभूति के साथ करें। विश्व के सबसे विशाल लोकतंत्र में चुनाव को सुचारू रूप से संपन्न करवाना हर एक अधिकारी या कर्मचारी की बड़ी उपलब्धि है। विधानसभा चुनाव में ड्यूटी कर रहे कर्मचारियों तथा अधिकारियों को जिला प्रशासन की ओर से पूरा सहयोग दिया जाएगा। यह बात जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी निशांत कुमार यादव ने सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय के सभागार में पीठासीन एवं वैकल्पिक पीठासीन अधिकारियों की प्रशिक्षण कार्यशाला में कही।

इस अवसर पर बादशाहपुर व गुड़गांव विधानसभा क्षेत्र के जनरल ऑब्जर्वर नरेंद्र कुमार दुग्गा भी उपस्थित रहे। डीसी ने कहा कि चुनाव प्रक्रिया को टीम भावना से ही संपन्न करवाया जा सकता है। इसलिए पीठासीन अधिकारी अपने सैक्टर ऑफिसर, सुरक्षा कर्मी, पोलिंग ऑफिसर आदि से बेहतर समन्वय रखे। सभी अधिकारी पीओ हैंडबुक को ध्यान से पढें और अपनी डायरी को सावधानीपूर्वक भरें। प्रत्येक पीठासीन अधिकारी को बूथ पर अपनी ड्यूटी के बारे में विस्तृत जानकारी होनी चाहिए। ईवीएम मशीन, वीवीपैट, टेंडर वोट, चैलेंज वोट, टेस्ट वोट, फार्म 17 ए, फार्म 17 सी को भरना, मॉकपोल करवाना आदि के बारे में एक पीओ को पूरा ज्ञान होना आवश्यक है।

# हरियाणा उदय कार्यक्रम में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

- राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के बच्चों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रागनी व नृत्य के माध्यम से दिखाई कला, संस्कृति की झलक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

मानेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (बाल) में हरियाणा कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हरियाणा उदय नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रंगोली, पोस्टर मेकिंग, रागनी व नृत्य प्रतियोगिताओं कराई गई। विद्यालय की इंचार्ज शिप्रा के नेतृत्व में विद्यालय में रसायन प्रवक्ता रितु कटारिया की अध्यक्षता में यह कार्यक्रम हुआ।


मानेसर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ( बाल ) में हरियाणा उदय अभियान के तहत कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे व बनाई गई रंगोली के साथ शिक्षिका।

ड्राइंग अध्यापिका रेखा ने विद्यार्थियों को हरियाणा की संस्कृति से रूबरू कराया। छात्रों ने आकर्षक रंगोली तथा पोस्टर बनाकर अपनी प्रतिभा दिखाई। हरियाणा वेशभूषा में बच्चों ने नाटक प्रस्तुत किए गए। विद्यालय प्रांगण में चौपाल की तरह से सजावट की गई। चौपाल में बड़े-बुजुर्गों की भूमिका में बच्चों ने हरियाणा की पौराणिक संस्कृति को जीवंत रूप में दिखाया।

इंचार्ज शिप्रा ने कहा कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य हरियाणा की संस्कृति और संस्कारों को बढ़ावा देना है। बच्चों को यह ज्ञान होना चाहिए कि हमारे प्रदेश की संस्कृति किस तरह की रही है। हमारा परस्पर भाईचारा, एकता, अखंडता मजबूत रही है। ऐसे शिक्षा से बच्चों में भविष्य के लिए अच्छे संस्कारों का बीजारोपण होगा, ऐसा उनका विश्वास है। उन्होंने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम में शिक्षा के संस्कृति को मजबूत बनाने का माध्यम बन रहा है।

रसायन प्रवक्ता रितु कटारिया ने कहा कि किताबी ज्ञान के साथ बच्चों को प्रेक्टिकल रूप में अपनी कला व संस्कृति का ज्ञान देकर उन्हें अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक किया जा रहा है। किसी भी देश, प्रदेश की कला और संस्कृति पीढ़ी-दर-पीढ़ी मजबूत होती रहे, ऐसे प्रयास होने चाहिए। पाश्चात्य संस्कृति के दौर में भी संस्कृति के बचाए रखने का यह प्रयास अपने आप में अनूठा है। बच्चे अपनी संस्कृति के प्रति जागरुक भी हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा उदय कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के प्रति भी जागरुक किया गया। कार्यक्रम में सीएमसी की प्रधान आशा देवी, उपप्रधान अजीत, पूर्व प्रधान अशोक व छात्रों के माता-पिता समेत सभी शिक्षक भृग, विनती, सुनीता, बबली, रेखा,नीलम, युद्धबीर सतीश, जोगिंदर, ईशा, ज्योति, दीपिका, प्रीति, समृति, मेनका, सरोज, अनिल, सतपाल, प्रीतम, जतिन, सुमिता मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार


महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा आयोजित सत्यनारायण महापूजा का दृश्य।

### श्रीसत्यनारायण महापूजा से पंडाल हुआ मंगलमय

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा सार्वजानिक श्री गणेश उत्सव गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में 06 सितम्बर से 15 सितम्बर तक बड़े धूम धाम से मनाया जा रहा है। मंडल द्वारा 14 सितम्बर को सत्यनारायण महापूजा का आयोजन पंडाल में किया गया। महापूजा मंडल के कार्यकर्ता उदय भान एवं सुनीता देवी द्वारा की गई। महापूजा करते हुए रवि गोसावी ने बताया की हमारे हिंदू धर्म में भगवान विष्णु जी की पूजा का विशेष महत्व बताया गया है। खासतौर पर जब आप किसी विशेष अवसर पर भगवान विष्णु जी का पूजन अपनी पूरी श्रद्धा भाव से करते हैं तब विष्णु भगवान की विशेष कृपा दृष्टि प्राप्त होती है। इसलिए हर महीने की एकादशी, बृहस्पतिवार और पूर्णिमा तिथि को भगवान विष्णु जी का पूजन व कथा करनी चाहिए। सत्यनारायण की कथा यानी भगवान विष्णु जी की पूजा करने से सौभाग्य की प्राप्ति होती है। ऐसा माना जाता है कि इससे सभी कामनाओं की पूर्ति होती है। ऐसा माना जाता है कि इसका व्रत करने से भगवान विष्णु हमारे सारे कष्टों को हर लेते है। इसलिए घर की शांति और सुख- समृद्धि के लिए भगवान सत्यनारायण की पूजा विशेष लाभकारी होती है। महापूजा सम्पूर्ण होने पर सभी उपस्थित श्रद्धालुओं को सूजी के हलवा का प्रसाद भी वितरित किया गया जिसे खास तोर पर मंडल महापूजा के लिए बनाता है। पूजा में मंडल के अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल, सुधाकर पांचाल, यशवंत पांचाल, रविन्द्र पांचाल, विनय पांचाल, अक्षय, रोहित, शेखर, कर्ण शर्मा, सचिन, उदय भान, मोनू एवं मंडल के सभी करता उपस्थित रहे।

### लोक अदालत में आपसी सहमति से 48120 मामले निपटे

**फरीदाबाद।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्जीक्यूटिव चेयरमैन एवं न्यायमूर्ति पंजाब एंड हरियाणा हाई कोर्ट चंडीगढ़ अरुण पल्ली के दिशा निर्देश पर शनिवार को प्रत्येक जिले के अंदर राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया! जिला फरीदाबाद के सत्र न्यायाधीश एवं चेयरमैन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण संदीप गर्ग की अध्यक्षता में श्रीमती रितु यादव मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की देखरेख, में जिला अदालत सेक्टर 12, फरीदाबाद में राष्ट्रीय लोक अदालत का यह आयोजन किया गया! इस लोक अदालत में 15 बेंच लगाए गए। जिनमें अमृत सिंह अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, पुरुषोत्तम कुमार अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश, विजय जेम्स अतिरिक्त प्रिंसिपल जज फैमिली कोर्ट, संदीप यादव अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी, अविनाश यादव न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, प्रगति राणा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, अनिल कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, निधि न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सौरभ शर्मा न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, सिद्धार्थ कपूर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, नीतिका भारद्वाज न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी, तरुण चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी वीरेंद्र कुमार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सारिका न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी पारस चौधरी न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी की बेंच बनाई गई जिनमें 63216 केस रखे गए जिनमें से कुल 48120 केसों का निपटारा आपसी सहमति से लोक अदालत द्वारा किया गया।

# गुरुग्राम का गौरव लौटाना मेरा सपना: गोयल

- गुरुग्राम विधानसभा में चुनाव प्रचार के दौरान कही यह बात

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम मेरा परिवार है। परिवार की सेवा करना मेरा कर्तव्य है। मेरा पूरा जीवन गुरुग्राम की सेवा को समर्पित है। यह बात उन्होंने शनिवार को विभिन्न क्षेत्रों में चुनाव प्रचार करते हुए कही।

नवीन गोयल ने कहा कि गुरुग्राम की सेवा के उद्देश्य से पहले कैनविन फाउंडेशन की स्थापना करके पॉलीक्लीनिक व कैनविन आरोगय धाम बनाए। इसके साथ-साथ राजनीति के माध्यम से भी उन्होंने गुरुग्राम की सेवा करने की शुरुआत की। गुरुग्राम की समस्याओं को दूर करने के लिए उन्होंने काम करना शुरू किया। नवीन गोयल ने कहा कि अपने स्तर पर जितना काम बन सकता है, उन्होंने किया है। अब विधानसभा पहुंचकर वे जनता की और मजबूती से सेवा करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की 36 बिरादरी के आशीर्वाद से ही उन्होंने


चुनाव प्रचार के दौरान लोगों से मुलाकात करते नवीन गोयल।

### नवीन गोयल के चुनाव कार्यालय का उद्घाटन आज

**गुरुग्राम।** निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल के चुनाव कार्यालय का रविवार 15 सितंबर को उद्घाटन किया जाएगा। इसके लिए गुरुग्राम विधानसभा के लोगों को नवीन गोयल ने आमंत्रित किया है। निर्दलीय प्रत्याशी नवीन गोयल का सेक्टर-17 के बाद न्यू कालोनी मोड़ पर यह दूसरा चुनाव कार्यालय होगा। भीमनगर स्थित विशाल जूस वाले के पास यह चुनाव कार्यालय बनाया गया है। पुराने गुरुग्राम में चुनाव की कार्यवाही इसी कार्यालय से की जाएगी। कैनविन फाउंडेशन के संस्थापक डा. डीपी गोयल ने क्षेत्र के लोगों को चुनाव कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर आमंत्रित करते हुए कहा कि यह आपका अपना चुनाव कार्यालय होगा।

निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव में कदम रखा है। अब 36 बिरादरी ही उन्हें आगे बढ़ा रही है। चुनाव में जीत दर्ज करके जनसेवा को बड़े स्तर पर करने की बड़ी योजनाएं बनाई जाएंगी। नवीन गोयल ने कहा कि मिलेनियम सिटी, साइबर सिटी जैसे नामों से विख्यात गुरुग्राम में सुविधाएं भी उस स्टैंडर्ड की हों, ऐसा उनका मानना है। जनता के आशीर्वाद से चुनाव में जीत दर्ज करके वे सुविधाओं को लेकर मजबूती से काम करेंगे। गुरुग्राम के समग्र विकास का विजन लेकर वे चल रहे हैं।


बसपा-इनेलो प्रत्याशी को समर्थन देने का ऐलान करते जजपा नेता अरविंद भारद्वाज।

# जजपा नेता अरविंद भारद्वाज ने बसपा-इनेलो प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को दिया समर्थन

- दो ब्राह्मण नेताओं का समर्थन मिलने से पृथला का चुनाव हुआ रोचक
- भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और गरीबी को करेंगे जड़ से खत्म: बसपा नेता

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

पृथला विधानसभा में बसपा इनेलो गठबंधन प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को शनिवार को उस समय और मजबूती मिली, जब शनिवार को ब्राह्मण नेता एवं जजपा में रहे वरिष्ठ नेता अरविंद भारद्वाज ने अपने समर्थकों के साथ बसपा इनेलो प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को समर्थन देने बघौला स्थित बसपा कार्यालय पहुंचे। इस दौरान अरविंद भारद्वाज का ढोल नंगाडों के साथ जोरदार स्वागत किया गया। इससे पहले गत सप्ताह बसपा एवं ब्राह्मण नेता संदीप शर्मा भी बसपा इनेलो प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ को अपना समर्थन दे चुके हैं। इन दो ब्राह्मण नेताओं का समर्थन मिलने के बाद बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र वशिष्ठ की जीत सुनिश्चित मानी जा रही है।

शनिवार को सुरेंद्र वशिष्ठ के कार्यालय पर इनेलो बसपा कार्यकर्ताओं की एक मीटिंग की गई। जिसमें बसपा प्रदेश उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, इनेलो के जिलाध्यक्ष देवेंद्र सिंह चौहान, सरदार उपकार सिंह, प्रधान बच्चू सिंह तेवतिया, अजय चौधरी, भाई बोधराज रावत, जगदीश कौर पन्नू, जगदीश पहलवान, भाई करण सिंह, मनोज चौधरी केआलावा काफी संख्या में इनेलो बसपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

